**श्री एस. गोपू ने आईटीआई लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का कार्यभार ग्रहण किया**

**बेंगलूरू-** श्री एस.गोपू ,निदेशक मानव संसाधन ने आईटीआई लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक पद का अतिरिक्त कार्यभार दिसम्बर 31, 2016 को ग्रहण किया।

श्री एस. गोपू, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आईटीआई ने कहा, "तकनीकी विकास के साथ तालमेल रखने के लिए, हम अपने बुनियादी ढांचे और संसाधन क्षमता का उन्नयन कर रहे हैं। आईटीआई को एक प्रगतिशील कंपनी में बदलने की दिशा में हमारा सतत् प्रयास एक आकार ले चुका है और कंपनी के गौरव को बढ़ा रहा है।"

श्री एस.गोपू ने आईटीआई लिमिटेड, निदेशक-मा.स. का कार्यभार 16 अप्रैल 2014 को ग्रहण किया था। उन्होंने कंपनी में विभिन्न मानव संसाधन पहल को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इकाइयों में मानव संसाधन के पुनर्विस्थापन के प्रति उनके व्यवस्थित दृष्टिकोण के कारण मानव संसाधन के प्रभावी उपयोग से कंपनी को मदद मिली है। मद्रास विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग में स्नातक और स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्त श्री गोपू ने आईटीआई लिमिटेड के बेंगलूरू संयंत्र में सहायक कार्यकारी अभियंता के रूप में जनवरी 1982 से योगदान दिया।

**उप महाप्रबंधक-मा.सं.एवं जनसंपर्क**